# Weekly One Liners 14th to 20th November 2022

## टी 20 विश्वकप: इंग्लैंड ने पाकिस्तान को फाइनल में हराकर खिताब पर किया कब्जा

इंग्लैंड ने टी20 विश्वकप 2022 के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। इंग्लैंड ने मेलबर्न में खेले गए मुकाबले में बेन स्टोक्स के तूफानी प्रदर्शन के दम पर पाक को 5 विकेट से हराया। पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 138 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में इंग्लैंड ने 5 विकेट के नुकसान पर मैच जीत लिया। इंग्लैंड ने दूसरी बार टी20 विश्वकप के खिताब पर कब्जा किया। टीम के लिए सैम कर्रन और आदिल रशीद ने खतरनाक गेंदबाजी की।

इंग्लैंड ने दूसरी बार टी20 विश्वकप के खिताब पर कब्जा किया है। इससे पहले उसने 2010 में फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हराकर टूर्नामेंट अपने नाम किया था। इसके बाद टीम साल 2016 में भी फाइनल में पहुंची ओवरऑल यह था। दिया हरा ने वेस्टइंडीज उसे तब लेकिन . वहीं है। खिताब कप विश्व तीसरा का इंग्लैंड, पाकिस्तान का यह तीसरा फाइनल था। 2007 में पहले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान को भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, 2009 में टीम टी20 चैंपियन बनी थी। अब 2022 में पाकिस्तान की टीम को एकबार फिर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

पाकिस्तान के दिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 19 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया लिए के टीम . उन्होंने खेली। पारी दमदार ने स्टोक्स बेन 49 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 52 रन बनाए। स्टोक्स की इस पारी में 5 चौके और एक छक्का शामिल रहा। मोईन अली ने 19 रनों का अहम योगदान दिया। उन्होंने 13 गेंदों का सामना करते हुए 3 चौके लगाए।

## युवा मामले और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2022 की घोषणा की

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2022 की घोषणा की। पुरस्कार विजेता 30 नवंबर, 2022 को राष्ट्रपति भवन में एक विशेष रूप से आयोजित समारोह में भारत के राष्ट्रपति से अपने पुरस्कार प्राप्त करेंगे। समिति की सिफारिशों के आधार पर और उचित जांच के बाद, सरकार ने निम्नलिखित खिलाड़ियों, कोचों और संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है। पुरस्कार विजेता 30 नवंबर, 2022 को राष्ट्रपति भवन में एक विशेष रूप से आयोजित समारोह में भारत के राष्ट्रपति से अपने पुरस्कार प्राप्त करेंगे। समिति की सिफारिशों के आधार पर और उचित जांच के बाद, सरकार ने निम्नलिखित खिलाड़ियों, कोचों और संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार हर साल खेलों में उत्कृष्टता को पहचानने और पुरस्कृत करने के लिए दिए जाते हैं। पिछले चार वर्षों की अवधि में किसी खिलाड़ी द्वारा खेल के क्षेत्र में शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खेलों और खेल' है। जाता दिया 'पुरस्कार रत्न खेल ध्यानचंद मेजर' में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार में अवधि की वर्षों चार पिछले ' नेतृत्व और लिए के प्रदर्शन अच्छे, खेल कौशल और अनुशासन की भावना दिखाने के लिए दिया जाता है। लिए के कोचों उत्कृष्ट में खेलों और खेल' उत्क पर आधार निरंतर को कोचों 'पुरस्कार द्रोणाचार्यृष्ट और मेधावी कार्य करने और खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए दिया जाता है। खेल और खेलों में आजीवन उपलब्धि के लिए ध्यानचंद पुरस्कार उन खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है जिन्होंने अपने प्रदर्शन से खेल में योगदान दिया है और जो सेवानिवृत्ति के बाद भी खेल आयोजन को बढ़ावा देने में योगदान देते हैं।

**किस खिलाड़ी को कौन सा अवॉर्ड**

**मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड**

| खिलाड़ी | खेल |
|---|---|
| शरत कमल अचंता | टेबल टेनिस |

अर्जुन अवॉर्ड

| खिलाड़ी | खेल |
|---|---|
| सीमा पुनिया | एथलेटिक्स |
| एल्डहॉस पॉल | एथलेटिक्स |
| अविनाश मुकंद साबले | एथलेटिक्स |
| लक्ष्य सेन | बैडमिंटन |
| एचएस प्रणय | बैडमिंटन |
| अमित पंघाल | बॉक्सिंग |
| निकहत जरीन | बॉक्सिंग |
| भक्ति प्रदीप कुलकर्णी | चेस |
| रमेशबाबू प्रज्ञानानंदा | चेस |
| दीप ग्रेस इक्का | हॉकी |
| शुशीला देवी | जूडो |
| साक्षी कुमारी | कबड्डी |
| नयन मोनी साक्या | लॉन बॉल |
| सागर कैलास ओवहलकर | मलखंभ |
| एलावेनिवलारिवन | शूटिंग |
| ओमप्रकाश मिथरवाल | शूटिंग |
| श्रीजा अकुला | टेबल टेनिस |
| विकास ठाकुर | वेटलिफ्टिंग |
| अंशु | कुश्ती |
| सरिता | कुश्ती |
| प्रवीण | वुशू |
| मानसी गिरिशचंद्र जोशी | पैरा बैडमिंटन |
| तरुण ढिल्लों | पैरा बैडमिंटन |
| स्वप्निल संजय पाटिल | पैरा स्विमिंग |
| जेर्लिन अंकिता जे | डीफ बैडमिंटन |



**लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए ध्यानचंद पुरस्कार**

| खिलाड़ी | खेल |
|---|---|
| अश्विनी अकुंजी सी | एथलेटिक्स |
| धर्मवीर सिंह | हॉकी |
| बीसी सुरेश | कबड्डी |
| नीर बहादुर गुरुंग | पैरा एथलेटिक्स |

**द्रोणाचार्य अवॉर्ड**

**सामान्य कैटेगरी**

| कोच | खेल |
|---|---|
| जीवनजोत सिंह तेजा | तीरंदाजी |
| मोहम्मद अली कमर | बॉक्सिंग |
| सुमा सिद्धार्थ शिरुर | पैरा शूटिंग |
| सुजीत मान | कुश्ती |

**लाइफटाइम कैटेगरी**

| कोच | खेल |
|---|---|
| दिनेश जवाहर लाड | क्रिकेट |
| बिमल प्रफुल्ल घोष | फुटबॉल |
| राज सिंह | कुश्ती |

**खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2022**

| कैटेगरी | संस्थान |
|---|---|
| युवा खिलाड़ियों की पहचान और प्रोत्साहन के लिए | ट्रांसस्टाडिया इंटरप्राइजेज |
| खेल को बढ़ावा देने के लिए | कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी |
| विकास के लिए खेल | लद्दाख स्की एंड स्नोबोर्ड एसोसिएशन |

## विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को मिली ICC की सबसे मूल्यवान टीम में जगह

टी-20 विश्वकप के खत्म होने के बाद आईसीसी ने आज सबसे मूल्यवान टीम (Most Valuable Team) के नाम की घोषणा की है। इस टीम में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव का नाम शामिल है। आईसीसी की टीम में 6 अलग-अलग देशों के खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिन्हें ICC Men's T20 Worlc Cup 2022 में शामिल किया गया है। इसमे विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचे भारत, इंग्लैंड, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों के नाम शामिल है। इसके अलावा न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों के नाम भी शामिल हैं।

इंग्लैंड के विकेट कीपर, कप्तान और सलामी बल्लेबाज जोस बटलर, उनके सलामी जोड़दार एलेक्स हेल्स, सैम करन का नाम भी शामिल हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ी ग्लेन फिलिप, पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा भी शामिल हैं। इस टीम का चयन सेलेक्शन पैनल ने किया है, सजिसमे कमेंटेटर इयान बिशप, मेल जोन्स, शिवनारायण चंद्रपॉल, वसीम खान, पार्थ भादुड़ी शामिल हैं।

आईसीसी की टीम में विराट कोहली का नाम भी शामिल हैं जिन्होंने इस टी20 विश्वकप की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ धमाकेदार 82 रनों की पारी से की थी। उनकी पारी की बदौलत भारत ने अपना विश्वकप अभियान पाकिस्तान के खिलाफ 4 विकेट की जीत के साथ शुरू किया था। वहीं सूर्यकुमार यादव की बात करें तो इस टूर्नामेंट में उन्होंने 239 रन बनाए हैं। उन्होंने विश्वकप में तीन अर्धशतक लगाए, नीदरलैंड के खिलाफ 51 रनों की नाबाद पारी, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 68 रनों की पारी और जिम्बाब्वे के खिलाफ 25 गेंदों पर 61 रनों की पारी खेली। विश्वकप की 6 पारियों में उनका स्ट्राइक रेट 189.68 का रहा। यही नहीं मैन ऑफ द टूर्नामेंट के लिए जिन 9 खिलाड़ियों की लिस्ट आईसीसी ने तैयार की थी, उसमे भी सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली का नाम शामिल था।

**आईसीसी की मोस्ट वैल्युएबल टी-20 विश्वकप टीम**

एलेक्स हेल्स
जोस बटलर
विराट कोहली
सूर्यकुमार यादव
ग्लेन फिलिप
सिकंदर रजा
शादाब खान
सैम करन
एनरिक नॉर्किया
मार्क वुड
शाहीन शाह अफरीदी

## जलवायु सुरक्षा सूची में भारत की रैंकिंग सुधरी, 63 देशों की सूची में आठवें नंबर पर

भारत जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI), 2023 में 63 देशों की सूची में दो पायदान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर आ गया है और इसका श्रेय उसके निम्न उत्सर्जन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के लगातार बढ़ते उपयोग को जाता है। पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले तीन गैर सरकारी संगठनों ने यह रिपोर्ट जारी की। ये तीनों संगठन यूरोपीय संघ तथा 59 देशों के जलवायु संबंधी कार्य प्रदर्शन पर नजर रखते हैं। विश्व में ग्रीन हाउस गैस का 92 फीसद उत्सर्जन इन्हीं देशों में होता है।

इस रिपोर्ट में पहले तीन स्थान खाली रखे गये हैं क्योंकि ने देश भी किसी' नहीं प्रदर्शन इतना में श्रेणियों सभी की सूचकांक किया है कि उन्हें संपूर्ण अच्छी रेटिंग दी जाए।चौथे को डेनमार्क उसने ', स्वीडन को पांचवें और चिली को छठे स्थान पर रखा है। भारत को ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन एवं ऊर्जा उपयोग श्रेणियों में अच्छी रेटिंग मिली है जबकि उसे जलवायु नीति तथा नवीकरणीय ऊर्जा खंडों में मध्यम रेटिंग मिली है। दुनिया में सबसे बड़ा प्रदूषक देश चीन 13 पायदान नीचे गिरकर 51 वें नंबर पर आ गया है तथा उसे कोयला आधारित नये विद्युत संयंत्रों की योजना के चलते खराब रेटिंग मिली है। अमेरिका तीन पायदान चढ़कर 52 वें नंबर पर है।

**जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक क्या है?**

जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI) हर साल संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में जारी किया जाता है। यह एक उपकरण है जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जलवायु राजनीति में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। 2005 से, इसने देशों के जलवायु संरक्षण प्रदर्शन का मानकीकृत मूल्यांकन प्रदान किया है।

## National Affairs

- केंद्र सरकार ने जनवरी 2023 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी और असम के डिब्रूगढ़ के बीच दुनिया की सबसे लंबी नदी क्रूज शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। उत्तर प्रदेश के काशी से दुनिया की सबसे लंबी रिवर क्रूज यात्रा 10 जनवरी 2023 से शुरू होगी। वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक 3200 किमी का सफर करीब 50 दिनों में तय किया जाएगा। (Click here to read the article)
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में श्री नादप्रभु केम्पेगौड़ा की 108 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। 'स्टैच्यू ऑफ प्रॉस्पेरिटी' बेंगलुरू के संस्थापक नादप्रभु केम्पेगौड़ा के योगदान को याद करने के लिए बनाई गई है। मूर्ति की अवधारणा और मूर्तिकला राम वी सुतार ने की थी, जिन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को भी क्यूरेट किया था। (Click here to read the article)
- 41वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का उद्घाटन सोमवार को प्रगति मैदान में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री सोम प्रकाश एवं अनुप्रिया पटेल भी मौजूद रहेंगी। 14 नवंबर से इस महीने के अंतिम सप्ताह यानी 27 नवंबर तक चलने वाले इस मेले की थीम इस बार "वोकल फार लोकल, लोकल टू ग्लोबल" रखी गई है। (Click here to read the article)
- नाइट फ्रैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय शहर, अर्थात् – हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली, एशिया-प्रशांत (APAC) क्षेत्र में शीर्ष डेटा सेंटर बाजारों में से तीन के रूप में उभरे हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि भारत में डेटा सेंटर उद्योग उच्च विकास पथ पर रहा है, जो आंशिक रूप से सरकारी नीतियों द्वारा संचालित है, जिसमें डेटा सेंटर निवेश को बढ़ावा देने के लिए ऋण और अन्य प्रोत्साहनों की आसान पहुंच शामिल है। (Click here to read the article)
- जापान की जगह भारत कच्चे इस्पात के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक के रूप में उभरा है। वर्तमान में सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश चीन है, जिसका विश्व के इस्पात उत्पादन का 57% हिस्सा है। घरेलू इस्पात उद्योग को समर्थन देने के लिए, भारत सरकार ने राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 और राज्य की खरीद के मामले में घरेलू रूप से निर्मित लौह और इस्पात (डीएमआई और एसपी) को वरीयता प्रदान करने की नीति को अधिसूचित किया है। (Click here to read the article)




- भारत सरकार ने 1 दिसंबर 2022 से राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण (एनएए) को समाप्त करने का निर्णय लिया है क्योंकि इसका बढ़ाया गया कार्यकाल 30 नवंबर 2022 को समाप्त हो रहा हैं। 1 दिसंबर 2022 से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से सम्बंधित मुनाफाखोरी विरोधी शिकायतें होंगी अब भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा निपटाया जायेगा। (Click here to read the article)

## States in the News

- अमूर फाल्कन फेस्टिवल का 7 वां संस्करण 14 नवंबर 2022 को मणिपुर के तामेंगलोंग जिले में आयोजित किया जाएगा। दुनिया में सबसे लंबे समय तक उड़ने वाले प्रवासी पक्षी अमूर फाल्कन(बाज़) के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इस महोत्सव का आयोजन 2015 से किया जा रहा है। दिन भर चलने वाला त्योहार आम तौर पर नवंबर के पहले या दूसरे सप्ताह में मनाया जाता है। (Click here to read the article)
- मेघालय का वांगला महोत्सव मेघालय के गारो में सबसे लोकप्रिय त्योहारों में से एक है। वांगला महोत्सव एक फसल उत्सव है जो उर्वरता के सूर्य-देवता सालजोंग के सम्मान में आयोजित किया जाता है। वंगला महोत्सव का उत्सव एक कठिन परिश्रम की अवधि के अंत का प्रतीक है, जो खेतों में अच्छा उत्पादन लाता है। वांगला महोत्सव की शुरुआत भी सर्दियों की शुरुआत को दर्शाती है। (Click here to read the article)
- कोरोना के बाद देश में नई कंपनियां खुलने के मामले में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर हैं। यहां पिछले तीन सालों में 30 हजार कंपनियां खोली गई हैं जबकि महाराष्ट्र में इसी दौरान 60,000 नई कंपनियां खोली गई हैं। यूपी ने इस मामले में दिल्ली को पीछे छोड़ दिया है। (Click here to read the article)
- उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने हाई कोर्ट को नैनीताल से हल्द्वानी ट्रांसफर किए जाने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह बात शहर के वकीलों और स्थानीय विधायक सरिता आर्य सहित राजनेताओं के एक बड़े वर्ग को नागवार गुजरा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की एक बैठक में यह फैसला लिया था। (Click here to read the article)
- यूपी सरकार पर्यटन के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम उठाने जा रही है। प्रदेश में धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों की बहुतायत संख्या को देखते हुए अलग-अलग सर्किट का विकास किया जाएगा। इसमें एक समान पर्यटन केंद्रों को शामिल किया जाएगा। उदाहरण के तौर पर भगवान राम से जुड़े स्थलों को रामायण सर्किट, भगवान कृष्ण से जुड़े धार्मिक स्थलों को कृष्ण सर्किट के तौर पर विकसित किया जाएगा। (Click here to read the article)
- तमिलनाडु के वन विभाग ने राज्य में हाथियों की मौत की रिकॉर्डिंग और निगरानी के लिए एक अधिक विस्तृत और पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित करने के लिए एक हाथी मृत्यु लेखा परीक्षा ढांचा पेश किया है। वर्तमान में, जनसंख्या और हाथियों के संरक्षण से संबंधित कई सवालों के लिए क्षेत्र में मृत्यु दर के कारणों की पहचान करना महत्वपूर्ण है। (Click here to read the article)

- मणिपुर ने संपन्न पूर्वोत्तर ओलंपिक खेलों में 85 स्वर्ण पदक सहित कुल 237 पदक के साथ लगातार दूसरे साल शीर्ष स्थान हासिल किया। मणिपुर ने 76 रजत और 77 कांस्य पदक भी जीते। असम 81 स्वर्ण, 60 रजत और 60 कांस्य पदक सहित कुल 201 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहा। देश के पूर्वोत्तर हिस्से के आठ राज्यों के खिलाड़ी 10 नवंबर से इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे थे। (Click here to read the article)

## International Affairs

- उदारवादी नेता नतासा पर्क मूसर यूरोपीय देश स्लोवानिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई हैं। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के लिए हुए 'रन-ऑफ' में देश के पूर्व विदेश मंत्री एंजे लोगर को मात दी। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मूसर ने कहा कि उनका पहला काम स्लोवानिया में दक्षिणपंथियों और वामपंथियों के बीच मौजूद गहरी खाई को पाटना होगा। (Click here to read the article)
- 10 देशों का समूह एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशंस (आसियान) ने सैद्धांतिक रूप से तिमोर-लेस्ते को अपने 11वें सदस्य के रूप में स्वीकार करने पर सहमति व्यक्त की है। 11 नवंबर 2022 को कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में आयोजित शिखर बैठक के बाद आसियान द्वारा इसकी घोषणा की गई। (Click here to read the article)
- अमेजन इंक के नाम एक बेहद खराब रिकॉर्ड जुड़ गया है। अमेजन बाजार एक ट्रिलियन डॉलर खोने वाली दुनिया की पहली सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी बन गई है। समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ती मुद्रास्फीति, सख्त मौद्रिक नीतियों और निराशाजनक कमाई के संयोजन ने इस साल कंपनी के शेयरों में ऐतिहासिक बिकवाली शुरू कर दी है। (Click here to read the article)
- अमेरिका ने टाटा ग्रुप के स्वामित्व वाली एयर इंडिया को पैसेंजर्स को 121.5 मिलियन डॉलर का भुगतान करने को कहा है। वहीं पैसेंजर्स को रिफंड करने में अत्याधिक देरी करने के लिए पेनल्टी के रूप में 1.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया है। (Click here to read the article)
- अफगानिस्तान की सरजमीं से आतंकवाद के खात्मे के लिए भारत समेत कई देशों ने 'मॉस्को प्रारूप पर वार्ता' (Moscow format) में हिस्सा लिया। भारत ने इसमें अफगानिस्तान में वास्तविक समावेशी सरकार बनाने का आह्वान किया। यह बैठक अफगानिस्तान की स्थिति पर विचार के लिए बुलाई गई थी। (Click here to read the article)
- रूस और यूक्रेन ने संयुक्त राष्ट्र और तुर्की द्वारा मध्यस्थता किए गए काला सागर अनाज सौदे को 120 दिनों तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। इस समझौते पर मूल रूप से 22 जुलाई 2022 को हस्ताक्षर किए गए थे तथा यह समझौता 19 नवंबर 2022 को समाप्त होने वाला था। (Click here to read the article)
- भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बंडारू विल्सन बाबू को समवर्ती रूप से कोमोरोस में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के बयान के अनुसार, बंडारू विल्सन बाबू अभी मेडागास्कर में भारत के राजदूत के रूप में कार्य कर रहे हैं और उन्हें समवर्ती रूप से कोमोरोस में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। (Click here to read the article)

## Agreements/MoUs Signed

- भारत और फिनलैंड दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग को एक नए स्तर पर ले जाने और फ्यूचर आईसीटी, फ्यूचर मोबाइल टेक्नोलॉजीज और डिजिटल शिक्षा में डिजिटल साझेदारी जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर सहमत हुए। फ़िनलैंड के शिक्षा और संस्कृति मंत्री, पेट्री होंकोनेन और केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने 14 नवंबर 2022 को नई दिल्ली में एक बैठक में इस पर सहमति व्यक्त की। (Click here to read the article)
- बिहार सरकार राज्य के कलाकारों, हस्तशिल्प और कई अन्य जातीय कलाओं को अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन प्राप्त करने में मदद करने के लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगी। बिहार सरकार के कला और संस्कृति विभाग के सचिव ने कहा कि राज्य सरकार का कला और संस्कृति विभाग इस संबंध में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगा। (Click here to read the article)
- दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने नवंबर 2022 में 'स्वदेशी संचार-आधारित ट्रेन नियंत्रण प्रणाली' (आई-सीबीटीसी) के विकास के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम 'भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड' (बीइएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। (Click here to read the article)
- कोल्डिंग संग्रहालय और राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली में मार्च, 2023 के शुरुआत में "डेनमार्क और भारत की चांदी की वस्तुओं के खजाने" विषय पर संयुक्त रूप से एक प्रदर्शनी का आयोजन करेंगे। नई दिल्ली में प्रदर्शनी के लिए एक समझौता ज्ञापन-एमओयू पर नई दिल्ली स्थित भारत के राष्ट्रीय संग्रहालय और डेनमार्क में कोल्डिंग स्थित कोल्डिंग संग्रहालय के बीच हस्ताक्षर किए गए और उनका आदान-प्रदान किया गया। (Click here to read the article)

## Banking/Economy/Business News

- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया हटिया गाछी स्थित शाखा में 104वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। जिसमें शाखा के वरिष्ठ नागरिक द्वारा केक काटकर आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक शैलेश कुमार द्वारा बैंक की वर्तमान उपलब्धि पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही बैंक के नए नए उत्पाद और बैंकों की प्राथमिकता पर भी चर्चा की गई। (Click here to read the article)
- महंगाई के मोर्चे पर बड़ी राहत मिली है। खाने-पीने की वस्तुओं के दाम घटने से खुदरा महंगाई अक्तूबर में घटकर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई। वहीं, खाद्य, ईंधन और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में गिरावट से थोक महंगाई 19 महीने में सबसे कम रही। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा कीमतों पर आधारित (सीपीआई) महंगाई पिछले महीने कम होकर 6.77 फीसदी रह गई। (Click here to read the article)
- थोक मूल्य मुद्रास्फीति अक्टूबर महीने में घटकर 8.39 प्रतिशत हो गई, यह सितंबर में 10.7 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में इस बात का खुलासा किया गया है। देश में थोक मुद्रास्फीति मार्च 2021 के बाद पहली बार दोहरे अंकों के निशान से नीचे आई है। उस समय थोक महंगाई दर 7.89 प्रतिशत थी। ऐसे में 19 महीने के बाद थोक महंगाई दर का आंकड़ा सिंगल डिजिट में आया है। (Click here to read the article)

- रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी (Reliance Industries Chairman Mukesh Ambani) ने बड़ी डील हासिल कर ली है। चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज देश का पहला मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क (Multimodal Logistics Park) बनाने जा रही है। इस अत्याधुनिक फ्रेट हैंडलिंग फैसिलिटी में कई तरह के ट्रांसपोर्ट के एक्सेस होगा और इसे 3 चरणों में बनाया जाएगा। (Click here to read the article)
- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने घोषणा की है कि सरकार ने विवेक जोशी को केंद्रीय बोर्ड में अपने निदेशक के रूप में नामित किया है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव जोशी आरबीआई में निदेशक का पद संभालेंगे। नामांकन 15 नवंबर, 2022 से अगले आदेश तक प्रभावी है। (Click here to read the article)
- रुपये में विदेशी व्यापार की सुविधा के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की अनुमति के बाद दो भारतीय बैंकों के साथ नौ विशेष 'वोस्ट्रो खाते' खोले गए हैं। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वोस्ट्रो खाता दरअसल ऐसा खाता होता है जो एक बैंक दूसरे बैंक की तरफ से खोलता या रखता है। (Click here to read the article)
- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने खुदरा बाजार के लिए अपनी डिजिटल मुद्रा (डिजिटल रुपया) लाने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट पर 5 बैंकों को शामिल किया है। द इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ये बैंक– स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचडीएफसी बैंकहैं। रिपोर्ट में इस मामले से परिचित लोगों का हवाला देते हुए कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक पायलट प्रोजेक्ट के लिए कुछ और बैंकों को जोड़ सकता है। (Click here to read the article)
- भारत की दिग्गज आईटी कंपनी विप्रो ने अपने कर्मचारी प्रतिनिधि के साथ एक यूरोपीय वर्क्स काउंसिल (ईडब्ल्यूसी) स्थापित करने के लिए एक समझौता किया है। यह यूरोप में अपने श्रमिकों के लिए यूरोपीय कार्य परिषदों की स्थापना करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ ने ईडब्ल्यूसी स्थापित करने के लिए यूरोपीय संघ के देशों में 1000 से अधिक कर्मचारियों वाली कंपनियों को अनिवार्य कर दिया है। (Click here to read the article)
- भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने सौर परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए जर्मन विकास बैंक केएफडब्ल्यू के साथ 150 मिलियन यूरो (1,240 करोड़ रुपये) के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किया हैं। केएफडब्ल्यू विकास बैंक की स्थापना 1948 में जर्मन सरकार द्वारा की गई थी। भारत-जर्मनी सौर साझेदारी के तहत दीर्घकालिक ऋण, सौर क्षेत्र में नई और आगामी क्षमताओं की सुविधा प्रदान करेगा। (Click here to read the article)
- सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) के लिए अधिकतम कार्यकाल को बढ़ाकर 10 साल कर दिया है। इस कदम से बैंकिंग क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को लंबे समय तक साथ बनाए रखने में मदद मिलेगी, जो 45-50 साल की उम्र में ही पूर्णकालिक निदेशक बन गए हैं। (Click here to read the article)

## Appointments/Resignations

- न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले को सर्वसम्मति से दूसरे कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का चेयरमैन चुना गया। बोर्ड बैठक में बार्कले के अलावा बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) सचिव जय शाह को आईसीसी की ताकतवर वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति का प्रमुख चुना गया। बार्कले का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। जिम्बाब्वे के तावेंग्वा मुकुहलानी के नाम वापस लेने के बाद बार्कले को निर्विरोध चुना गया। (Click here to read the article)
- वरिष्ठ आईएएस अधिकारी गौरव द्विवेदी को सरकारी प्रसारक प्रसार भारती का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। छत्तीसगढ़ संवर्ग के 1995 बैच के अधिकारी द्विवेदी जिस दिन नया पदभार संभालेंगे, उस दिन उनका पांच साल का कार्यकाल होगा। इससे पहले द्विवेदी सरकार के नागरिकों से संबंधित संवाद मंच माई गवर्नमेंट इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी थे। (Click here to read the article)
- व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण और सामान्य बीमा आदि जैसे वित्तीय उत्पाद बेचने वाली नवी टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। धोनी कंपनी की ब्रांडिंग पहल का चेहरा होंगे। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान के साथ जुड़ाव ब्रांड की विश्वसनीयता को मजबूत करता है क्योंकि यह पूरे भारत में सरल, सस्ती और आसानी से सुलभ वित्तीय सेवाएं प्रदान करके ग्राहकों के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए काम करता है। (Click here to read the article)
- इंस्टेंट मैसेजिंग एप व्हाट्सएप के इंडिया हेड अभिजीत बोस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अभिजीत के साथ मेटा इंडिया के सार्वजनिक नीति निदेशक राजीव अग्रवाल ने भी अपने पद से इस्तीफा दिया है। अचानक दोनों इस्तीफों के बाद कंपनी ने भारत में व्हाट्सएप पब्लिक पॉलिसी के निदेशक शिवनाथ ठुकराल को भारत में मेटा के सभी प्लेटफॉर्म के लिए पब्लिक पॉलिसी निदेशक बनाया गया है। (Click here to read the article)
- पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद विरमानी को नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया है। बता दें कि अरविंद विरमानी ने वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में 2007 से 2009 तक काम किया है। कैबिनेट सचिवालय की अधिसूचना के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरविंद विरमानी को नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। (Click here to read the article)
- टाटा समूह की कंपनी जगुआर लैंड रोवर ( Jaguar Land Rovers) के सीईओ Thierry Bollore ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने निजी कारणों से चलते इस्तीफा देने की बात कही है। Thierry Bollore 31 दिसंबर, 2022 तक अपने पद पर बने रहेंगे। एड्रियान मारडेल (Adrian Mardell) ने 16 नवंबर से अंतरिम सीईओ का भार संभाल लिया है। वे जगुआर लैंड रोवर के साथ बीते 32 साल से जुड़े हैं। (Click here to read the article)
- फेसबुक-पैरेंट मेटा ने भारत के पूर्व प्रमुख अजीत मोहन के जाने के दो सप्ताह बाद संध्या देवनाथन को देश के लिए अपना नया शीर्ष कार्यकारी नियुक्त किया है। देवनाथन 1 जनवरी 2023 को अपनी नई भूमिका में संक्रमण करेंगे। देवनाथन वर्तमान में मेटा के एशिया-पैसिफिक (APAC) डिवीजन के लिए गेमिंग के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। (Click here to read the article)

- BPCL के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के भारत के शीर्ष तेल और गैस उत्पादक तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) के नए अध्यक्ष होने की संभावना है। वह पिछले महीने सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने के बाद बीपीसीएल से सेवानिवृत्त हुए और 27 अगस्त के साक्षात्कार से पहले ही उन्हें पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के प्रमुख के लिए चुना गया था। (Click here to read the article)

## Defence News

- कोचीन शिपयार्ड ने उत्तर प्रदेश में वाराणसी के लिए देश का पहला हाइड्रोजन ईंधन सेल कटमरैन पोत बनाने के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उत्तर प्रदेश के लिए छह इलेक्ट्रिक कटमरैन जहाजों और गुवाहाटी के लिए दो और ऐसे जहाजों के निर्माण के लिए शिपयार्ड द्वारा एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। (Click here to read the article)
- भारतीय नौसेना के पश्चिमी कमान ने 12 नवंबर 2022 को समुद्र में 150 किमी दूर तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के मंच पर मुंबई से दूर अपतटीय संपत्तियों की सुरक्षा में संगठनात्मक प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए 'प्रस्थान' अभ्यास किया। पश्चिमी नौसेना कमान के तहत 'प्रस्थान' साल में दो बार आयोजित किया जाता है। (Click here to read the article)
- 'पैन-इंडिया' तटीय रक्षा अभ्यास 'सी विजिल-22' का तीसरा संस्करण 15-16 नवंबर 22 को आयोजित किया गया है। इस राष्ट्रीय स्तर के तटीय रक्षा अभ्यास की परिकल्पना 2018 में की गई थी, ताकि विभिन्न उपायों को मान्य किया जा सके। '26/11' मुंबई आतंकी हमले के बाद से समुद्री सुरक्षा को बढ़ाना, तटीय सुरक्षा, तटीय रक्षा निर्माण का एक प्रमुख उप-समूह होने के नाते, 'सी विजिल' की अवधारणा पूरे भारत में तटीय सुरक्षा तंत्र को सक्रिय करने और व्यापक तटीय रक्षा तंत्र का आंकलन करने के लिए है। (Click here to read the article)
- भारतीय सेना 18 नवंबर को इंजीनियरी कोर का 242वां स्थापना दिवस मना रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान और थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने इस अवसर पर इंजीनियरी कोर के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर आकाशवाणी के साथ विशेष भेंट में इंजीनियरी कोर के इंजीनियर इन चीफ और सीनियर कर्नल कमाण्डेंट, लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह ने कोर के सदस्यों का आह्वान किया है कि वे भावी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक परिश्रम करने के लिए तैयार रहें। (Click here to read the article)
- आईएनएस त्रिकंद ने उत्तर पश्चिमी अरब सागर में संयुक्त समुद्री बलों के नेतृत्व वाले ऑपरेशन "सी स्वॉर्ड 2" में भाग लिया है। यह ऑपरेशन नशीले पदार्थों के व्यापार को रोकने और तस्करी करने वाली संस्थाओं को उनकी नापाक गतिविधियों के लिए समुद्र का उपयोग करने से रोकने के लिए आयोजित किया गया था। इससे पहले, बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास "मालाबार 22" के 26वें संस्करण का समापन 15 नवंबर को जापान में हुआ था। (Click here to read the article)
- सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को 17 नवंबर 2022 को पेरिस में लेस इनवैलिड्स में गार्ड ऑफ ऑनर मिला। वह फ्रांस की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। जनरल मनोज पांडे ने अपनी यात्रा के दौरान अपने फ्रांसीसी समकक्ष जनरल पियरे शिल के साथ बातचीत की और यूरोपीय देश की अपनी यात्रा के दौरान आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की। (Click here to read the article)

## Awards and Recognitions

- भारतीय मूल के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर वेंकी रामकृष्णन को ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय ने विज्ञान के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए 'आर्डर आफ मेरिट' से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार ब्रिटेन के महाराजा या महारानी द्वारा दिया जाने वाला एक विशेष सम्मान है। (Click here to read the article)
- केरल टूरिज्म ने लंदन में आयोजित वर्ल्ड ट्रैवल मार्ट में प्रतिष्ठित रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म ग्लोबल अवार्ड जीता है। राज्य के पर्यटन मंत्री पीए मोहम्मद रियास ने लंदन में विभाग की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार केरल सरकार के तहत जिम्मेदार पर्यटन मिशन द्वारा कार्यान्वित स्ट्रीट परियोजना के लिए दिया गया था। (Click here to read the article)
- स्पेनिश फिल्म निर्देशक और लेखक कार्लोस सौरा को गोवा में 53वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2022 से सम्मानित किया जाएगा। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने नई दिल्ली में यह जानकारी दी। उन्होंने फिल्म महोत्सव से पहले संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय खंड एक महत्वपूर्ण और विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किये जाने वाला खंड है। (Click here to read the article)
- एनएमडीसी ने 16वें पीआरसीआई वैश्विक संचार सम्मलेन 2022 में अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराते हुए चैम्पियन ऑफ चैंपियंस अवार्ड जीता तथा चौदह कॉरपोरेट कम्युनिकेशन उत्कृष्टता पुरस्कारों का विजेता बना। 12 नवंबर, 2022 को कोलकाता में भारतीय जन संपर्क परिषद (पीआरसीआई) द्वारा आयोजित वैश्विक संचार सम्मलेन में पुरस्कार प्रदान किए गए। (Click here to read the article)
- ऊंचाहार अभ्युदय से एनटीपीसी की क्यूसी टीम ने गुणवत्ता नियंत्रण परिधि पर 47वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीक्यूसीसी-2022) में "स्वर्ण" पदक पुरस्कार जीता है। यह सम्मेलन जकार्ता में 15 से 18 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। आईसीक्यूसीसी-2022 के लिए विषय-वस्तु "गुणवत्तापूर्ण प्रयासों के माध्यम से बेहतर निर्माण" रखी गई है। (Click here to read the article)



- थाईलैंड में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत परिवार नियोजन में नेतृत्व के लिए एक्सेल पुरस्कार-2022 प्राप्त करने वाला एकमात्र देश बन गया है। 'देश' श्रेणी में दिया गया पुरस्कार आधुनिक परिवार नियोजन विधियों तक पहुंच में सुधार लाने के लिए भारत के प्रयासों को मान्यता देता है। (Click here to read the article)

## Summit and Conference

- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित दुनिया भर के नेता, बाली शहर में होने वाले 17वें ग्रुप ऑफ 20 (G20) शिखर सम्मेलन के लिए इंडोनेशिया में एकत्रित हुए हैं। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का विषय "एक साथ पुनर्प्राप्त करें, मजबूत हो जाएं" और अन्य विषयों के साथ वैश्विक आर्थिक सुधार, वैश्विक स्वास्थ्य वास्तुकला, डिजिटल परिवर्तन, स्थायी ऊर्जा संक्रमण और जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित है। (Click here to read the article)
- पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के तहत प्राकृतिक इतिहास के राष्ट्रीय संग्रहालय (एनएमएनएच) ने संयुक्त रूप से "इन अवर लाइफटाइम" अभियान शुरू किया। (Click here to read the article)

## Ranks and Reports

- देश की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो को सबसे मजबूत दूरसंचार ब्रांड चुना गया है। ब्रांड बुद्धिमत्ता और डेटा विश्लेषण कंपनी टीआरए ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। टीआरए ने अपने 'भारत के सर्वाधिक वांछित ब्रांड 2022' की सूची में कंपनियों को उनकी ब्रांड क्षमता के अनुसार स्थान दिया है। (Click here to read the article)
- नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनियों (नैसकॉम) और आर्थर डी लिटिल की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 5जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी के 2030 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2% योगदान करने की उम्मीद है, जो लगभग 180 बिलियन डॉलर होगा। 5जी – अनफोल्डिंग इंडियाज एरा ऑफ डिजिटल कन्वर्जेंस शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजार में बढ़ती पहुंच, क्षेत्रीय सुधार, उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार, सेवाओं का तेजी से रोलआउट, विकास में योगदान देगा। (Click here to read the article)

## Sports News

- केरल के राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान ने केरल के कोच्चि में आईबीएसए ब्लाइंड फुटबॉल महिला एशियाई / ओशिनिया चैम्पियनशिप 2022 का उद्घाटन किया। आईबीएसए ब्लाइंड फुटबॉल महिला एशियाई / ओशिनिया चैम्पियनशिप 2022 11 नवंबर 2022 से 18 नवंबर 2022 तक आयोजित की जा रही है। (Click here to read the article)
- विश्व कबड्डी महासंघ (डब्ल्यूकेएफ) के तत्वाधान में खेले जाने वाले 2025 कबड्डी विश्व कप की मेजबानी ब्रिटेन का वेस्ट मिडलैंड्स करेगा। कबड्डी विश्व कप में भारतीय पुरुष टीम का दबदबा रहा है जिसने 10 में से नौ बार विश्व कप का खिताब जीता है। इन सभी विश्व कप का आयोजन अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) के तत्वावधान में हुआ था और इसे एशियाई सरजमीं पर खेला गया था। (Click here to read the article)
- अप्रैल में प्राग हाफ-मैराथन के विजेता केनेथ किप्रॉप रेन्जू को संदिग्ध डोपिंग के लिए निलंबित केन्याई एथलीटों की लंबी सूची में नवीनतम के रूप में पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। केनेथ किप्रॉप रेन्जू, जो 26 वर्षीय है, को "प्रतिबंधित पदार्थ (मेथास्टरोन) की उपस्थिति / उपयोग" के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। (Click here to read the article)
- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार (13 नवंबर) को 2024 से 2027 तक होने वाले अंडर-19 क्रिकेट के बड़े टूर्नामेंट का एलान कर दिया है। श्रीलंका को 2024 अंडर-19 वर्ल्ड कप की मेजबानी मिली है। वहीं, 2026 में यह टूर्नामेंट जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में खेला जाएगा। (Click here to read the article)
- ओलंपिक पदक विजेता एमसी मैरी कॉम, पीवी सिंधु, मीराबाई चानू और गगन नारंग 14 नवंबर, 2022 को भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) के एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में चुने गए 10 प्रतिष्ठित खिलाड़ियों में शामिल हैं। आयोग में चुने गए दस खिलाड़ियों में टोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू, 2012 के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता गगन नारंग, टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल, हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल, तलवारबाज भवानी देवी, नौकायन खिलाड़ी बजरंग लाल और पूर्व शॉटपुट खिलाड़ी ओ पी करहाना शामिल हैं। (Click here to read the article)
- आइसीसी इवेंट में एक बार फिर से फेल होने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) उस पूर्व खिलाड़ी का दरवाजा खटखटाने के लिए तैयार दिख रही है जिन्होंने इस देश को दो बार वर्ल्ड चैंपियन (2007, 2011) बनाया। आस्ट्रेलिया में आयोजति टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारतीय टीम के फेल होने के बाद बीसीसीआइ अब भारतीय टी20 के सेटअप में एम एस धोनी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपना चाहती है और इसके लिए एसओएस भेजने के लिए तैयार है। (Click here to read the article)
- मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल ने साओ पाउलो में ब्राजीलियाई ग्रां प्री में अपनी पहली एफ1 रेस जीती है। मर्सिडीज के लुईस हैमिल्टन और फेरारी के कार्लोस सैन्ज क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। रेड बुल के मैक्स वेरस्टापेन चौथे स्थान पर रहे। यह F1 2022 सीज़न में मर्सिडीज की पहली जीत भी थी। 2022 सीज़न की अंतिम दौड़ 18 से 20 नवंबर तक यास मरीना सर्किट में अबू धाबी में आयोजित की जाएगी। (Click here to read the article)
- स्टार भारतीय पैडलर शरत कमल अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) के एथलीट आयोग के सदस्य चुने जाने वाले पहले भारतीय बने हैं। आयोग में चार महिला और चार पुरुष खिलाड़ी हैं। दो पैरा एथलीट भी हैं। आयोग का कार्यकाल 2022 से 2026 तक रहेगा। (Click here to read the article)
- बेलिंडा बेनसिच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिससे स्विट्जरलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर बिली जीन किंग कप का खिताब जीता। ओलंपिक की एकल स्वर्ण पदक विजेता बेनसिच ने ऑस्ट्रेलिया की अल्जा टोमलजानोविच को 6-2, 6-1 से हराकर स्विट्जरलैंड को 2-0 से अजेय बढ़त दिलाई। (Click here to read the article)
- स्पेन के कार्लोस अलकराज एटीपी (एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल) रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। एटीपी ने अपनी रैंकिंग प्रणाली 1973 में शुरू की थी। वह 5 दिसंबर को 19 साल, 214 दिन के होंगे जो इस साल के रैंकिंग का अंतिम दिन होगा। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लेटन हेविट का रिकॉर्ड तोड़ा है जो 2001 में 20 साल, 275 दिन की उम्र में दुनिया के नंबर 1 पुरुष टेनिस खिलाडी बने थे। (Click here to read the article)

## Schemes and Committess News

- राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) ने 15 नवंबर को साइबर स्पेस में महिलाओं और बालिकाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और कौशल प्रदान करने के लिए एक अखिल भारतीय परियोजना, डिजिटल शक्ति अभियान के चौथे चरण की शुरुआत की। देश भर में डिजिटल मोर्चे पर जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं की मदद करने के लिए जून 2018 में डिजिटल शक्ति की शुरुआत की गई। (**Click here to read the article)**
- त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि सभी केंद्र और राज्य प्रायोजित योजनाएं हर दरवाजे तक पहुंचें और लोगों और सरकार के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने के लिए एक नया पोर्टल 'अमर सरकार' लॉन्च किया। वेबपोर्टल में पंचायत विभाग सहित कुल 78 विभागों को शामिल किया गया है। पोर्टल लोगों को ग्राम समिति के अधिकारियों के माध्यम से अपनी समस्याओं और शिकायतों को दर्ज करने में मदद करेगा। (Click here to read the article)

## Science and Technology News

- नासा ने फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से अपना आर्टेमिस -1 मिशन लॉन्च किया है। लॉन्च के लगभग आठ मिनट बाद, कोर स्टेज के इंजन कट गए और कोर स्टेज बाकी रॉकेट से अलग हो गया। इसके बाद ओरियन अंतरिक्ष यान को अंतरिम क्रायोजेनिक प्रोपल्शन स्टेज (आईसीपीएस) से आगे बढ़ाया गया। (Click here to read the article)
- अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निजी इक्विटी निवेशक ब्लैकस्टोन ने भारत से एशिया में अपना डाटा सेंटर कारोबार शुरू किया है। देश में पांच स्थानों पर उपस्थिति के माध्यम से अगले दो वर्षों में इसे बढ़ाकर 600 मेगावाट करने की योजना है। ब्लैकस्टोन ने 15 नवंबर 2022 को अपना डेटा सेंटर प्लेटफॉर्म लुमिना क्लाउड इन्फ्रा लॉन्च किया। लुमिना क्लाउड इन्फ्रा का स्वामित्व और प्रबंधन ब्लैकस्टोन के रियल एस्टेट और टैक्टिकल ऑपर्च्युनिटीज फंड द्वारा किया जाता है। (Click here to read the article)




## Important Days News

- भारत के पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में भारत 14 नवंबर को बाल दिवस मनाता है। इस वर्ष पंडित नेहरू की 133वीं जयंती है, जिनका जन्म 1889 में इलाहाबाद, भारत में हुआ था। हर साल 14 नवंबर को पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। (Click here to read the article)
- विश्व मधुमेह दिवस हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है ताकि लोगों का ध्यान मधुमेह से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों की ओर आकर्षित किया जा सके और इससे कैसे बचा जा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनियाभर में हर साल डायबिटीज से करीब 40 लाख मरीजों की मौत होती है। (Click here to read the article)
- प्रतिवर्ष 13 नवंबर को वर्ल्ड काइंडनेस डे (विश्व दयालुता दिवस) के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के लिए हमें प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल धर्म, राजनीति, लिंग और पिन कोड की भावनाओ से परे है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित है, जो मनुष्य को समाज में अच्छे काम को करने के लिए जागरूक और प्रेरित करता है। (**Click here to read the article)**
- संयुक्त राष्ट्र ने अनुमान लगाया है कि 15 नवंबर तक दुनिया की आबादी आठ अरब तक पहुंच जाएगी। UN ने एक रिपोर्ट में आगे कहा है कि भारत 2023 में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में चीन की जगह ले लेगा। इस वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर जारी संयुक्त राष्ट्र विश्व जनसंख्या संभावना 2022 में आंकड़ों का खुलासा किया गया था, लेकिन अब 15 नवंबर के आते ही इस पर चर्चा शुरू हो गई है। (Click here to read the article)
- 55 वां राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह 14 नवंबर 2022 से आंध्र प्रदेश के सभी पुस्तकालयों में मनाया जाएगा। 55 वां राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह एक सप्ताह तक चलने वाला उत्सव होगा और इसका उद्घाटन राज्य के मंत्रियों तनती वनिता, बोत्चा सत्यनारायण और जोगी रमेश द्वारा तुम्मलपल्ली कलाक्षेत्रम में किया जाएगा। (Click here to read the article)
- आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी, बिरसा मुंडा को सम्मानित करने के लिए 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस या आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश के आदिवासियों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धरोहर और उनके द्वारा राष्ट्र के निर्माण में दिए गए योगदान को याद करने के लिए पिछले साल केंद्र सरकार ने 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। (Click here to read the article)
- समाज में सहिष्णुता को बढ़ावा देने और जन-जन में जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 16 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस का उद्देश्य संसार में हिंसा की भावना और नकारात्मकता को खत्म कर अहिंसा को बढ़ावा देना है। अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस की घोषणा वर्ष 1996 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा की गई थी। (Click here to read the article)

- भारत में, राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह (National Newborn Week) हर साल 15 से 21 नवंबर तक मनाया जाता है। सप्ताह का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में नवजात स्वास्थ्य के महत्व को सुदृढ़ करना और नवजात अवधि में शिशुओं के लिए स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति में सुधार करके शिशु मृत्यु दर को कम करना है। (Click here to read the article)
- भारतीय प्रेस परिषद (Press Council of India) को सम्मानित करने के लिए हर साल 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस (National Press Day) मनाया जाता है। यह दिन देश में एक स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की उपस्थिति का प्रतीक है। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया भी भारतीय प्रेस की गुणवत्ता की जांच करती है और पत्रकारिता गतिविधियों पर नजर रखती है। (Click here to read the article)
- विश्व दर्शन दिवस (World Philosophy Day) प्रत्येक वर्ष नवंबर के तीसरे गुरुवार को मनाया जाता है। 2022 में यह दिन 17 नवंबर को मनाया जा रहा है। वर्ल्ड फिलॉसफी डे पहली बार 21 नवंबर 2002 को मनाया गया था, इसे ऐसे सभी दार्शनिकों (Philosophers) के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व को स्वतंत्र विचारों के लिए स्थान उपलब्ध कराया। (Click here to read the article)
- विश्व सीओपीडी दिवस (World COPD Day) हर साल नवंबर के तीसरे बुधवार को क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (chronic obstructive pulmonary disease – COPD) के बारे में जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में सीओपीडी देखभाल में सुधार के लिए मनाया जाता है। क्रानिक आब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) का स्थायी उपचार नहीं है। समय से इस रोग की पहचान हो जाने पर दवा व बचाव से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। (Click here to read the article)
- भारत में, मिर्गी के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल 17 नवंबर को मिर्गी फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय मिर्गी दिवस (National Epilepsy Day) के रूप में मनाया जाता है। मिर्गी मस्तिष्क का एक पुराना विकार है जिसके लक्षण आवर्तक 'दौरे' या 'फिट' है। नवंबर का महीना 'राष्ट्रीय मिर्गी जागरूकता माह (National Epilepsy Awareness Month)' के रूप में मनाया जाता है। (Click here to read the article)
- विश्व रोगाणुरोधी जागरूकता सप्ताह (World Antimicrobial Awareness Week) हर साल 18-24 नवंबर से मनाया जाता है। विश्व रोगाणुरोधी जागरूकता सप्ताह (WAAW) का उद्देश्य वैश्विक रोगाणुरोधी प्रतिरोध के बारे में जागरूकता बढ़ाना और दवा प्रतिरोधी संक्रमणों के आगे उभरने और प्रसार से बचने के लिए आम जनता, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और नीति निर्माताओं के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है। (Click here to read the article)
- भारत में हर साल 18 नवंबर को राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस (National Naturopathy Day) मनाया जाता है। औषधि रहित चिकित्सा पद्धति के माध्यम से सकारात्मक मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, जिसे प्राकृतिक चिकित्सा कहा जाता है। आयुष मंत्रालय (आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी), भारत सरकार द्वारा 18 नवंबर, 2018 को यह दिवस घोषित किया गया था। (Click here to read the article)
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 18 नवंबर को बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम और उपचार के लिए विश्व दिवस के रूप में घोषित किया है। नए विश्व दिवस का उद्देश्य बाल यौन शोषण के आघात के लिए वैश्विक दृश्यता लाना है, इस उम्मीद के साथ कि सरकारें इससे लड़ने के लिए कार्रवाई करेंगी। (Click here to read the article)
- हर साल 19 नवंबर को विश्वभर में वर्ल्ड टॉयलेट दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य है ऐसे लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना जिनके पास आज के ज़माने में भी सुरक्षित और स्वच्छत शौचालय नहीं है और वैश्विक स्वच्छता संकट से निपटने के लिए कार्रवाई शुरू करना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2013 में विश्व शौचालय दिवस को एक आधिकारिक संयुक्त राष्ट्र दिवस घोषित किया था। (Click here to read the article)

## Obituaries

- प्रख्यात गणितज्ञ आर एल कश्यप का निधन हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गणितज्ञ आर एल कश्यप के निधन पर शोक जताया है। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि आर एल कश्यप एक बहुआयामी व्यक्तित्व और महान विद्वान थे। उन्हें समृद्ध गणितीय और वैज्ञानिक ज्ञान था। उन्हें भारत की संस्कृति पर बहुत गर्व था। उन्होंने वैदिक अध्ययन में खुद को प्रतिष्ठित किया। (Click here to read the article)
- हॉलीवुड एक्टर और वॉइस ओवर आर्टिस्ट केविन कॉनरॉय का 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। इस बात की जानकारी बैटमैन: द एनिमेटेड सीरीज में काम करने वाले को-स्टार डायने पर्सिंग ने दी है। वार्नर ब्रदर्स एनिमेशन ने भी इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया है कि लम्बे समय से कैंसर से जंग लड़ रहे केविन कॉनरॉय की मृत्यु हो गई है। बता दें कि केविन कॉनरॉय ने एनिमेटेड सीरीज में बैटमैन के किरदार को आवाज दी थी। (Click here to read the article)
- फ्रांस में पेरिस के चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर 18 साल तक रहने वाले ईरानी व्यक्ति मेहरान करीमी नासेरी का हवाई अड्डे पर ही दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 76 साल के थे। मेहरान करीमी को 'द टर्मिनल' फिल्म की वजह से पूरी दुनिया में जाना जाता है। (Click here to read the article)
- दिग्गज अभिनेता घट्टामनेनी कृष्णा, जो कृष्णा गारू के नाम से प्रसिद्ध थे, और तेलुगु फिल्म उद्योग में 'सुपरस्टार' के रूप में जाने जाते थे उनका 15 नवंबर 2022 को हैदराबाद में निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। वह तेलुगु फिल्म सुपरस्टार महेश बाबू के पिता थे। उन्होंने फिल्म उद्योग में अपने लंबे करियर के दौरान 350 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया। उनकी पहली फिल्म मनसुलु 1965 में बनी थी। (Click here to read the article)
- भारत के पूर्व बास्केटबॉल कप्तान और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित गुलाम अब्बास मुंतसिर का लंबी बीमारी के बाद 16 नवंबर, 2022 को मुंबई में निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनका जन्म 1942 में मुंबई में हुआ था। उन्होंने अमेरिकी मिशनरियों द्वारा नागपाड़ा में खेलना शुरू किया, बाद में उनका झुकाव बास्केटबॉल की ओर झुकाव शुरू हुआ। (Click here to read the article)

## Miscellaneous News

- भारतीय विद्युत ग्रिड की अखंडता, विश्वसनीयता, मितव्ययिता, लचीलापन और इसके सतत संचालन को सुनिश्चित करने में ग्रिड संचालकों की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाने के लिए इसके नाम में परिवर्तन किया गया। भारत के राष्ट्रीय ग्रिड ऑपरेटर "पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पोसोको)" ने घोषणा करते हुए बताया कि पोसको ने अब अपना नाम बदलकर "ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड" रख लिया। (Click here to read the article)
- कैम्ब्रिज डिक्शनरी (Cambridge Dictionary) ने साल 2022 के लिए अपने शब्द का खुलासा कर दिया है। डिक्शनरी ने इस साल के लिए होमर (Homer) के रूप में अपने शब्द का चयन किया है। डिक्शनरी ने इस शब्द का खुलासा करते हुए कहा कि होमर वैश्विक शब्द गेम सनसनी Wordle से प्रेरित है। मालूम हो कि मई 2022 के पहले सप्ताह के दौरान 'Homer' शब्द को लगभग 75,000 बार इंटरनेट पर खोजा गया था। (Click here to read the article)
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ईटानगर के होलांगी में अरुणाचल प्रदेश के पहले ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे 'डोनी पोलो' एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान पीएम मोदी ने उड़ान ब्रोशर (Udan brochure) लॉन्च किया है। साथ ही उन्होंने 600 मेगावाट 'कामेंग हाइड्रो पावर स्टेशन' को राष्ट्र को समर्पित कर दिया है। (Click here to read the article)

## Static Takeaways

- न्यूयॉर्क, यूएसए में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय;
- श्री एंटोनियो गुटेरेस संयुक्त राष्ट्र के महासचिव हैं;
- संयुक्त राष्ट्र की स्थापना: 24 अक्टूबर 1945।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की स्थापना: 8 मई 1973;
- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के संस्थापक: धीरूभाई अंबानी;
- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) मुख्यालय: मुंबई, महाराष्ट्र;
- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) सीएमडी: मुकेश अंबानी;
- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) निदेशक: नीता अंबानी।
- प्रसार भारती की स्थापना: 23 नवंबर 1997, नई दिल्ली;
- प्रसार भारती मुख्यालय: नई दिल्ली।
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुख्यालय: मुंबई;
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सीईओ: ए. मणिमेखलाई (3 जून 2022-);
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना: 11 नवंबर 1919, मुंबई।
- अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह संघ मुख्यालय स्थान: ब्रुसेल्स, बेल्जियम;
- अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह संघ की स्थापना: 23 सितंबर 1950;
- अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह महासंघ के अध्यक्ष: प्रोफेसर एंड्रयू बोल्टन।
- केरल राज्यपाल: आरिफ मोहम्मद खान;
- केरल की राजधानी: तिरुवनंतपुरम;
- केरल के मुख्यमंत्री: पिनाराई विजयन।
- यूनेस्को मुख्यालय: पेरिस, फ्रांस;
- यूनेस्को की स्थापना: 16 नवंबर 1945, लंदन, यूनाइटेड किंगडम;
- यूनेस्को के महानिदेशक: ऑड्रे अज़ोले.
- भारतीय प्रेस परिषद के संस्थापक: भारत की संसद;
- भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना: 4 जुलाई 1966, भारत;
- भारतीय प्रेस परिषद मुख्यालय: नई दिल्ली;
- भारतीय प्रेस परिषद अध्यक्ष: श्रीमती। जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई।
- भारतीय ओलंपिक संघ की स्थापना: 1927;
- भारतीय ओलंपिक संघ मुख्यालय: नई दिल्ली;
- भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष: आदिल सुमरिवाला;
- भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव: राजीव मेहता;
- भारतीय ओलंपिक संघ के संस्थापक: हैरी बक, आर्थर नोहरन।
- भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना: 1 अप्रैल 1935, कोलकाता;
- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर: शक्तिकांत दास;
- भारतीय रिजर्व बैंक मुख्यालय: मुंबई।
- पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक: एस. आर. नरसिम्हन;
- पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की स्थापना: मार्च 2009;
- पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड मुख्यालय: नई दिल्ली, भारत।
- मिर्गी के लिए अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो अध्यक्ष: फ्रांसेस्का सोफिया;
- मिर्गी के लिए अंतरराष्ट्रीय ब्यूरो की स्थापना: 1961।
- नासा प्रशासक: बिल नेल्सन;
- नासा का मुख्यालय: वाशिंगटन डी.सी., संयुक्त राज्य अमेरिका;
- नासा की स्थापना: 1 अक्टूबर 1958।
- नीति आयोग के उपाध्यक्ष: सुमन बेरी;
- नीति आयोग के सीईओ: परमेश्वरन अय्यर.
- पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण की स्थापना: 23 अगस्त 2003;
- पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण मुख्यालय: नई दिल्ली;
- पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण अध्यक्ष: सुप्रतिम बंद्योपाध्याय।
- डब्ल्यूएचओ की स्थापना: 7 अप्रैल 1948;
- डब्ल्यूएचओ मुख्यालय: जिनेवा, स्विट्जरलैंड;
- डब्ल्यूएचओ प्रमुख: डॉ टेड्रोस अदनोम घेब्येयियस।
- आयुष मंत्री: सर्बानंद सोनोवाल;
- आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (आईसी): मुंजापारा महेंद्रभाई.
- भारतीय सेना कोर ऑफ इंजीनियर्स मुख्यालय: नई दिल्ली, भारत;
- भारतीय सेना कोर ऑफ इंजीनियर्स शाखा: भारतीय सेना;
- भारतीय सेना कोर ऑफ इंजीनियर्स रंग: मैरून और नीला;
- भारतीय सेना कोर इंजीनियर्स-इन-चीफ: लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह;
- भारतीय सेना कोर ऑफ इंजीनियर्स आदर्श वाक्य (ओं): सर्वत्र (यूबिक, हर जगह)।
- उत्तराखंड राज्यपाल: गुरमीत सिंह;
- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री: पुष्कर सिंह धामी;
- उत्तराखंड जनसंख्या: 1.01 करोड़ (2012);
- उत्तराखंड की राजधानियाँ: देहरादून (शीतकालीन), गैरसैंण (ग्रीष्मकालीन)।
- कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश: प्रकाश श्रीवास्तव
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री: ममता बनर्जी
- फीफा अध्यक्ष: जियानी इन्फेंटिनो;
- फीफा की स्थापना: 21 मई 1904;

- फीफा मुख्यालय: ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड।
- ओएनजीसी मुख्यालय: वसंत कुंज, नई दिल्ली;
- ओएनजीसी की स्थापना: 14 अगस्त 1956।
- कोमोरोस राजधानी: मोरोनी;
- कोमोरोस के अध्यक्ष: अज़ाली असौमानी;
- कोमोरोस मुद्रा: कोमोरियन फ्रैंक;
- कोमोरोस जनसंख्या: 8.88 लाख (2021) विश्व बैंक;
- कोमोरोस महाद्वीप: अफ्रीका;
- कोमोरोस की आधिकारिक भाषाएँ: कोमोरियन, फ्रेंच, अरबी।
- तमिलनाडु राजधानी: चेन्नई;
- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री: एम के स्टालिन;
- तमिलनाडु के राज्यपाल: आर एन रवि।
- त्रिपुरा राजधानी: अगरतला;
- त्रिपुरा के मुख्यमंत्री: माणिक सरकार;
- त्रिपुरा राज्यपाल: सत्यदेव नारायण आर्य।

